–

**प्रेस नोट** **दिनांक 17.10.2020**

**सराहनीय कार्य जनपद बागपत**

- **थाना सिंघावली अहीर पुलिस द्वारा षस्त्र अधिनियम में 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक तमंचा मय 03 कारतूस नाजायज बरामद।**

---

**थाना सिंघावली अहीर–** पुलिस द्वारा दिनांक 16.10.2020 को चैकिंग के दौरान अभियुक्त 1–आकाष पुत्र सुनील निवासी कमाला थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत 2–रितिक पुत्र महेन्द्र निवासी थाना लोनी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त आकाष के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस व अभियुक्त रितिक के कब्जे से 02 कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किये गये है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्व थाना सिंघावली अहीर पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **सोषल मीडिया(फेसबुक) पर माननीय प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के फोटो पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार।**

---

सोषल मीडिया(फेसबुक) पर युवक द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसके सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना चांदीनगर पर मु0अ0सं0 183/2020 धारा 67 आईटी एक्ट व 504, 505(2) भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 17.10.2020 को थाना चांदीनगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम पांची चौराहे से आरोपी वसीम मलिक पुत्र षौकत निवासी ग्राम पांची थाना चांदीनगर जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना चांदीनगर पर कठोर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

- **थाना कोतवाली बागपत पुलिस द्वारा एक चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 14850 रूपये नकद बरामद।**

---

**थाना कोतवाली बागपत–** पुलिस द्वारा दिनांक 16.10.2020 को अभियुक्त योगेष पुत्र लीलूराम निवासी ग्राम पावला बेगमाबाद निवासी कोतवाली बागपत जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 14850 रूपये नकद बरामद किये गये है। अभियुक्त द्वारा दिनांक 16.10.2020 की सुबह ग्राम गोरीपुर से निरोजपुर रोड पर ईट भटटे के आफिस से रूपये चोरी करने की घटना कारित की गई थी। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली बागपत पर मु0अ0सं0 763/2020 धारा 380, 411 भादवि पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरूद्व थाना कोतवाली बागपत पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

---

**थाना छपरौली–** पुलिस द्वारा आज दिंनाक 17.10.2020 को मु0अ0सं0 192/2020 धारा 307, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त सन्नी पुत्र सोहनवीर निवासी पटटी चौधरान कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरूद्व थाना छपरौली पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**थाना बडौत–** पुलिस द्वारा आज दिंनाक 17.10.2020 को मु0अ0सं0 874/2020 धारा 328, 376 भादवि में वांछित अभियुक्त संजय पुत्र रामफल निवासी ग्राम जलालपुर थाना बडौत जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरूद्व थाना बडौत पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।